टपके का डर

टपकती छत

डरा शेर

पाठ – 8

प्र०1. दादी के पास कौन सोता था ?

उत्तर→ दादी के पास उनका छोटा पोता सोता था।

प्र० 2. दादी पोते को कौन-सी कहानियाँ सुनाती थी ?

उत्तर:— दादी पोते को राजा-रानी और उनकी प्यारी-सी राजकुमारी की कहानियाँ सुनाती थी।

प्र० 3. पाठ में टपका कौन है ?

उत्तर:— पाठ में छत से टपकने वाली पानी की बूँदें ही टपका है।

प्र०4. टपके से सबसे ज्यादा कौन डरता था ?

उत्तर:— टपके से सबसे ज्यादा शेर डरता था।

प्र०5. कुम्हार गधे की तलाश में किसके पास आया ?

उत्तर:— कुम्हार गधे की तलाश में अपने मित्र रामू के पास आया, फिर पंडित जी के पास गया।

प्र० 6. कुम्हार ने तिनकों-पत्तों की आवाज़ सुनकर किसे दो डंडे जड़ दिए और क्यों ?

उत्तर :— कुम्हार ने तिनकों-पत्तों की आवाज़ सुनकर शेर को दो डंडे जड़ दिए क्योंकि कुम्हार को लगा कि यह मेरा गधा है।

किसने कहा, किससे कहा ?

क. "मुझसे बचकर कोई रहा है आज तक ?"

यह कथन कुम्हार ने शेर से कहा।

ख. "नहीं भैया मेरे यहाँ नहीं।"

यह कथन रामू ने कुम्हार से कहा।

ग. "सबसे बड़ा डर टपके का है।"

यह कथन दादी ने पोते से कहा।

विराम चिह्न

विराम का अर्थ है—**रुकना** या **विश्राम लेना**। बोलते समय बीच-बीच में अपनी बात पर बल देने के लिए या समझाने के लिए थोड़ी देर रुका जाता है। रुकने की इस क्रिया को **'विराम'** कहते हैं।

रुकने की इस प्रक्रिया को स्पष्ट करने के लिए व्याकरण में जिन चिह्नों का प्रयोग किया जाता है, उन संकेत-चिह्नों को 'विराम-चिह्न' कहते हैं।

प्रमुख विराम-चिह्न निम्नलिखित हैं :

1. पूर्ण विराम (।)
2. प्रश्नसूचक चिह्न (?)
3. विस्मयसूचक चिह्न (!)
4. अल्प-विराम (,)
5. अर्ध-विराम (;)
6. उपविराम (:)
7. निर्देशक (–)
8. विवरण चिह्न (:–)
9. योजक चिह्न (-)
10. लाघव चिह्न (o)
11. उद्धरण चिह्न ("...")
12. कोष्ठक ( ), [ ], { }